दिनांक : 27.01.2015

# प्रेस विज्ञप्ति

## पॉलीथीन नहीं उपयोग करने की ली शपथ

कृष्णा पब्लिक स्कूल, नेहरू नगर, भिलाई में स्पेशल असेम्बली का आयोजन हुआ जिसका विषय था–'से नो टू पॉलीथीन'। प्रत्येक दिवस की भाँति प्रार्थना से असेम्बली की शुरूआत हुई। इसके पश्चात् सीनियर प्रिंसीपल श्री आनंद कुमार त्रिपाठी ने बच्चों को पॉलीथीन के दुष्प्रभावों के बारे में बताया तथा उनसे पॉलीथीन का उपयोग न करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार पॉलीथीन के उपयोग से वायु, जल तथा मृदु प्रदूषण होता है। श्रीमती सविता त्रिपाठी ने कहा कि पॉलीथीन के उपयोग से प्रकृति का बैलेंस बिगड़ता है अतः हमें पॉलीथीन का उपयोग नहीं करना चाहिए।

हेड मिस्ट्रेस डॉ. प्रशी तिवारी ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए कि इस मिशन में हमें किसी संस्था या सरकार से पहल करने की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए वरन् स्वयं जागरूक होना चाहिए।

प्रार्थना सभा के आरंभ में कक्षा आठवीं की चार्वी कोष्टा ने पॉलीथीन के निर्माण के कारकों को बताया।हेडगर्ल प्रियांशी त्रिपाठी ने अपने भाषण में इसके खतरनाक परिणामों की जानकारी दी। एम. रोहित तथा प्रत्यूषा ने कुछ तथ्यों को बताया कि पॉलीथीन किस प्रकार जानवरों व मनुष्यों के लिए हानिकारक है। निवेदिता, इंदरप्रीत तथा रूपांजय बर्धन ने भी विषय पर अपने-अपने विचार रखे।श्रेया तिवारी ने सभी बच्चों पॉलीथीन उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई। सभी विद्यार्थियों ने एक साथ शपथ ली कि वे पॉलीथीन का उपयोग नहीं करेंगे न ही इसे बढ़ावा देंगे।

इस अवसर पर एम.डी. व सीनियर प्रिंसीपल श्री आनंद कुमार त्रिपाठी, डायरेक्टर पर्सनल श्री आलोक त्रिपाठी, प्राचार्या द्वय श्रीमती सविता त्रिपाठी, श्रीमती अर्चना मिश्रा तथा श्रीमती मोनिका सेनगुप्ता उपस्थित थे।

**प्राचार्य**
**कृष्णा पब्लिक स्कूल**
**नेहरू नगर, भिलाई**


Learning in the first five